विद्यालय का नाम ....

अर्द्धवार्षिक परीक्षा

सत्र 2025–26

कक्षा – 6 विषय – हिन्दी पूर्णांक –

सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए।

1. हिन्द महासागर के लिए कविता में कौनसा शब्द आया है?
(अ) चरण (ब) वंशी
(स) हिमालय (द) सिंधु ( )

2. कविता में 'नवजीवन की ले अंगडाई' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(अ) बादल (ब) अंकुर
(स) बूँद (द) पावस ( )

3. रामप्रसाद बिस्मिल की माँ का सबसे बड़ा आदेश क्या था?
(अ) देश की सेवा करें (ब) कभी किसी के प्राण न लें
(स) कभी किसी से छल न करना (द) सदा सच बोलना ( )

4. श्रीकृष्ण माँ के आने से पहले क्या कर रहे थे?
(अ) गाय चरा रहे थे (ब) माखन खा रहे थे
(स) मधुबन में भटक रहे थे (द) मित्रों के संग खेल रहे थे ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।

1. संज्ञा की विशेषता बताने वाले शब्द ....कहलाते हैं।
2. सर्वनाम के कुल.............................भेद होते हैं।
3. आसमान में उड़ता सागर, लगा बिजलियों के ....पर।
4. 'हार की जीत' पाठ के रचनाकार ....है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए।

1. मेजर ध्यानचंद का संबंध किस खेल से था?
2. वचन के कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए।
3. कविता में किसे जलाने और किसे बुझाने की बात कही गई है?
4. सिक्खों के दसवें गुरु कौन थे?
5. संधि की परिभाषा व भेदों के नाम लिखिए।
6. आर्यसमाज की स्थापना किसने की?
7. बिहु नृत्य का संबंध भारत के किस राज्य से है?
8. भगवान श्रीकृष्ण की माँ का क्या नाम था?
9. आपको कौनसी ऋतु सबसे अधिक प्रिय है?
10. 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है' उक्त वाक्य का सबंध किस क्रांतिकारी है?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच पंक्तियों में दीजिए।

1. बाबा भारती ने डाकू खड़गसिंह से कौनसा वचन लिया?
2. ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य था?
3. बिस्मिल को साहसी बनाने में उसकी माता जी ने कैसे सहयोग दिया?
4. बारिश की पहली बूँद से धरती का हर्ष कैसे प्रकट होता है?
5. अपने प्रधानाचार्य जी को बहिन की शादी होने के कारण दो दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना – पत्र लिखिए।
6. 'दीपावली' शीर्षक पर दस पंक्तियों में निबन्ध लिखिए।

GS guru sevika